हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, सोमवार, 8 दिसंबर 2025

11 लंबित मांगों को लेकर मिड-डे मील वर्कर्स ने किया प्रदर्शन




12 सेक्टर-6 में 100 कुंडीय हवन में डाली आहूति



## गांव में मौजूद राजीव गांधी स्टेडियम और हाई स्कूल का मैदान जर्जर हालत में

# देश को ओलंपियन और विश्व स्तर के नामी खिलाड़ी देने वाले गांव छारा में खेल व्यवस्था नदारद, मैदान भी बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

देश को ओलंपियन व विश्व स्तर के नामी खिलाड़ी देने वाले गांव छारा में खेल व्यवस्था के नाम पर केवल बदहाली है। गांव में मौजूद राजीव गांधी स्टेडियम व हाई स्कूल का मैदान जर्जर अवस्था में है। संसाधान तो दूर की बात, यहां सफाई व्यवस्था भी ठीक नहीं है। खेल व खिलाड़ियों के प्रति उदासीनता पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। गांव में वर्षों पहले राजीव गांधी खेल स्टेडियम का निर्माण हुआ था। पहले यहां कोच होता था लेकिन अब नहीं है। स्टेडियम के गेट से ही बदहाली का नजारा दिखना शुरू हो जाता है। गेट व भवन पर पेंट नहीं है। अंदर ग्राउंड में जलभराव व काई फैली हुई है। संसाधनों का तो घोर अभाव है ही।



बहादुरगढ़। राजीव गांधी स्टेडियम के ग्राउंड की हालत। फोटो : हरिभूमि

वहीं, दूसरी तरफ गांव के हाई स्कूल वाला मैदान भी ऐसी ही हालत में है। गंदगी फैली हुई है और झूले तथा पोल टूटे पड़े हैं। ग्रामीणों ने कहा कि देश को मेडल गांव के बच्चे दिलाते हैं और गांवों में संसाधन के नाम पर कुछ नहीं होता। हमारे पास इतनी प्रतिभाएं हैं कि हम खेल में चीन, अमेरिका को पछाड़ दें, बशर्तें इन प्रतिभाओं को सुविधा तो मिले।

### ब्लॉक पार्षद आर्य प्रमोद बोले

### गांव में प्रतिभाएं बहुत हैं

ब्लॉक पार्षद आर्य प्रमोद ने कहा कि छारा बहुत बड़ा गांव है और यहां बेहद ही प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। दीपक पूनिया जैसे ओलंपियन पहलवान गांव से निकले हैं और ओलंपिक मेडलिस्ट बजरंग पूनिया ने भी छारा की मिट्टी से ही कुश्ती का दम भरा था। गांव में बास्केटबॉल टीम भी बेहतरीन है। प्रतिभाएं बहुत हैं लेकिन उन्हें निखारने के लिए संसाधान और व्यवस्था नहीं है। राजीव गांधी स्टेडियम व स्कूल का मैदान बदहाल है। खेल विभाग व शिक्षा विभाग को इन स्टेडियम तथा ग्राउंड पर ध्यान देना चाहिए। नए सिरे से स्टेडियम का कायाकल्प कर उसमें संसाधन उपलब्ध होने चाहिए ताकि प्रतिभाओं को उबरने का अवसर मिल सके।



बहादुरगढ़। हाई स्कूल के ग्राउंड में टूटी मशीनें। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### उपमंडल स्तर पर आज लगेंगे समाधान शिविर

**झज्जर।** जिले में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से समाधान शिविर सोमवार को आयोजित किए जाएंगे। सुबह दस बजे से 12 बजे तक दो घंटे शिविरों का आयोजन होगा।



जिला स्तरीय समाधान शिविर लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस रूम में लगेगा जहां डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल नागरिकों की विभिन्न प्रकार की शिकायतों और समस्याओं को सुनेंगे। वहीं, उपमंडल स्तर पर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में लघु सचिवालय परिसरों में समाधान शिविर आयोजित होंगे।

### धोखाधड़ी के आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा

**झज्जर।** साइबर थाना की एक टीम द्वारा डेढ़ लाख रुपए की साइबर ठगी करने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक सोमबीर ने बताया कि एक व्यक्ति ने शिकायत देते हुए बताया कि वह ठेकेदारी का काम करता है। बीते सितंबर माह में उसके दो खातों से करीब डेढ़ लाख रुपए की यूपीआई के माध्यम से धोखाधड़ी की गई है। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए थाना में तैनात मुख्य सिपाही संजय कुमार की पुलिस टीम ने एक आरोपी को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मोहित निवासी उत्तर प्रदेश के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### बहादुरगढ़ के गुभाना में स्टॉक से ट्रक चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव गुभाना में एक स्टॉक से हाइवा ट्रक चोरी हो गया। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। वाहन मालिक प्रीतम का कहना है कि बाकरगढ़ रोड पर उसका स्टॉक है। रात को स्टॉक पर हाइवा खड़ा किया था। सुबह जाकर देखा तो नहीं मिला। अपने स्तर पर जांच की लेकिन कुछ पता नहीं चला। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। पुलिस तलाशने में मदद करे। इस शिकायत पर बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

### बाबा गोरखनाथ के भंडारे का आयोजन

**बहादुरगढ़।** लाइनपार स्थित बिहारी कॉलोनी में रविवार को बाबा गोरखनाथ के भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें प्रसाद ग्रहण करते हुए लोगों ने सभी के सुख समृद्धि की कामना की। हर्ष महाराज, पंकज कुमार, ओमबीर छिकारा, कार्तिक, सागर, मंदीप, आकाश, कपिल राठी, मोनू, राहुल रोहिल्ला, कुलविंद्र, ओमप्रकाश, दीपक, संदीप, दीपा, कीर्ति, गुड्डी, रेखा, सुनीता, पूनम, श्वेता, रेशम, खुशी व नीलम आदि ने बाबा गोरखनाथ की पूजा उपरांत भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

## बढ़ते प्रदूषण और दूषित जलापूर्ति ने बढ़ाए मरीज

# प्रदूषण को काबू करने की बजाय आंकड़े छिपाने में जुटे 'जिम्मेदार', लोग हो रहे बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

### सब्जी मंडी के निकट जलते कूड़े से उठता धुआं



**प्रशासन की कार्यशैली पर उठने लगे हैं सवाल**

**प्रदूषण फैला रही फैक्ट्रियों पर निगरानी कड़ी की जाए**

**प्रदूषण और दूषित जलापूर्ति की दोहरी मार झेल रहे**

शहर की पर्यावरणीय और सार्वजनिक स्वास्थ्य स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। एक तरफ बढ़ा हुआ प्रदूषण लोगों की सांसें भारी कर रहा है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न क्षेत्रों में दूषित जलापूर्ति ने नागरिकों की परेशानी में इजाफा कर दिया है। हालात यह है कि शहर में लोग बीमार हो रहे हैं, जिससे प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। पिछले कई दिनों से शहर के अलग-अलग हिस्सों में कूड़े के ढेरों में आग लगने की घटनाएं बढ़ गई हैं। इससे आमजन को भारी परेशानी हो रही है।

### धुआं क्षेत्र में फैल रहा

आग से उठता धुआं पूरे क्षेत्र में फैल रहा है, जिससे वायु गुणवत्ता लगातार खतरनाक स्तर तक पहुंच रही है। कूड़े में प्लास्टिक और अन्य रासायनिक पदार्थों के जलने से निकला विषैला धुआं लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल रहा है। स्थानीय निवासी प्रदीप दलाल ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समय पर कूड़ा न उठाए जाने और आग लगने पर नियंत्रण न होने से स्थिति खराब होती जा रही है।

दूसरी तरफ शहर की कई कॉलोनियों में पिछले कुछ दिनों से गंदा और बदबूदार पानी सप्लाई हो रहा है। पानी की टंकियों में कीचड़, पाइप लाइनों में सीवरेज मिक्सिंग तथा पुरानी लाइनों की लीकेज की वजह से लोग मजबूरी में दूषित पानी का इस्तेमाल कर रहे हैं। सेक्टर-6 निवासी अंकुर गुप्ता ने बताया कि दूषित जलापूर्ति के परिणामस्वरूप बच्चों और बुजुर्गों में दस्त, बुखार, उल्टी और पेट संबंधी समस्याओं के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

चिकित्सकों के अनुसार यह स्थिति जलजनित बीमारियों को जन्म दे रही है। प्रदूषण और दूषित जलापूर्ति की दोहरी मार झेल रहे लोगों ने शासन प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। सुरेंद्र सिंह, सोनू कपूर, संदीप व कुलबीर का कहना है कि कूड़े का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण और नियमित रूप से कूड़ा उठान होना चाहिए। प्रदूषण फैला रही फैक्ट्रियों पर निगरानी कड़ी की जाए। जलापूर्ति पाइप लाइनों की तुरंत मरम्मत हो और पानी की नियमित जांच होनी चाहिए।



बहादुरगढ़। सेक्टर-6 में सप्लाई किया जा रहा दूषित पेयजल।

### आमजन की आवाज

मुकेश कुमार, नरेंद्र राठी, मंदीप व सोनू का कहना है कि यदि प्रदूषण और दूषित पानी की समस्या पर त्वरित कदम नहीं उठाए गए, तो शहर में स्वास्थ्य संकट और गहरा सकता है। लोगों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन जल्द ही प्रभावी कार्रवाई कर नागरिकों को राहत प्रदान करेगा।

### परिणाम 14 दिसंबर को जारी होगा

## 1658 विद्यार्थियों ने पेस प्रतिभा खोज परीक्षा में लिया भाग



झज्जर। संस्थान में प्रतिभा खोज परीक्षा देने पहुंचे विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

पेस समूह द्वारा रविवार को प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में 1658 विद्यार्थियों ने भाग लिया। पेस समूह के डायरेक्टर जय विकास ने बताया कि उनके संस्थान के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया गया है। परीक्षा का परिणाम 14 दिसंबर को जारी किया जाएगा। परीक्षा में दूसरी कक्षा से 87, तीसरी से 98, चौथी से 178, पांचवीं से 208, छठी से 203, सातवीं से 218, आठवीं से 201, नौवीं से 177 तथा दसवीं से 288 विद्यार्थी शामिल हुए। सत्र 2026–27 के लिए कई कक्षाओं में सीटें रिक्त हैं, जिनके रजिस्ट्रेशन टेस्ट के साथ शुरू हो चुके हैं। मौके पर पेस समूह के चेयरमैन युद्धवीर, एकेडमिक डायरेक्टर जय भगवान, मैनेजिंग डायरेक्टर हरीश, सुमित चावला, संदीप व अश्वनी अन्य उपस्थित रहे।

### केएमपी पर वाहन की चपेट में आने से मौत

**बहादुरगढ़।** बादली के निकट कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेस-वे पर बीती रात सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। शिनाख्त के लिए पुलिस ने 72 घंटे के लिए शव बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में रखवा कर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। घटना रात करीब दो बजे की बताई जा रही है। केएमपी पर पैदल राहगीर किसी वाहन की चपेट में आ गया। किसी राहगीर की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई। बादली थाने से पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। इसके बाद शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया गया। जांच अधिकारी एएसआई विकास कुमार ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 55 वर्ष आंकी जा रही है। देखने से प्रवासी प्रतीत होता है। मृतक के कपड़ों से भी पहचान संबंधित कोई सटीक प्रमाण नहीं मिला है। लिहाजा 72 घंटे के लिए डेड बॉडी जीएच बहादुरगढ़ में रखवा दी है। आसपास तमाम चौकी थानों में सूचना जारी कर दी है। बादली के आसपास रहने वाले पश्चिम बंगाल व अन्य प्रवासी मूल के लोगों से संपर्क साधा जा रहा है। इस संबंध में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### एक्स सर्विसमैन की विधवा ने दो भाइयों पर मारपीट व धमकी देने का केस दर्ज कराया

**बहादुरगढ़।** गांव बुपनिया में दो पक्षा में झगड़ा हो गया। एक महिला ने पड़ोस में रहने वाले दो सगे भाइयों पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रामरति ने कहा है कि दोपहर को उसके मकान की बिजली अचानक चली गई। वह खंभे पर तार चेक करने के लिए बाहर आई तो पड़ोस के मकान का किरायेदार डंडे से तार छेड़ रहा था। मैं उस तरफ जाने लगी तो मकान में रहने वाले दो सगे भाई बाहर निकले तथा जातिगत गालियां देने लगे। इसके बाद मारपीट शुरू कर दी और हथियारों का हवाला देकर जान से मारने की धमकी देने लगे। भतीजा बीच बचाव करने आया तो उसके साथ भी बुरी तरह से मारपीट की। इसके बाद लोग इकट्ठे हुए और बीच बचाव किया। दोनों में से एक आरोपी ने तीन साल पहले भी हमारे घर के बाहर फायरिंग की थी, जिसका केस बादली थाने में दर्ज है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उधर, पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है।

### निरंकारी संत समागम में दिया मानवता और भाईचारा बनाए रखने का संदेश

**झज्जर।** महार्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम में निरंकारी मिशन द्वारा विशाल निरंकारी संत समागम का आयोजन किया गया। समागम में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित ने श्रद्धालुओं को मानवता, प्रेम व भाईचारे की भावना बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आदमी को आदमी की मदद करनी चाहिए तथा एक-दूसरे का सहारा बनना चाहिए। आज विश्व को सबसे अधिक आवश्यकता मानवता, शांति और आपसी सद्भाव की है। परमात्मा का बोध ही इंसान को सहज बना सकता है। जब मनुष्य परम पिता परमात्मा को जान लेता है तो प्रेम और सद्भाव के गुण भी उसके जीवन में विकसित होते हैं। इसके अलावा भजनों और कविताओं के माध्यम से भी लोगों में मानवता, विनम्रता और आध्यात्मिक जागरुकता का संदेश दिया गया।



### पंचायत में राठी चबूतरे के निर्माण पर विस्तार से चर्चा

**बहादुरगढ़।** राठी खाप से जुड़े छह गांवों की रविवार को गांव हसनपुर-परनाला में विशेष पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में मौजूद हसनपुर-परनाला, बहादुरगढ़, सांखोल, बालौर, सराय औरंगाबाद व माजरी के ग्रामीणों ने राठी चबूतरे के निर्माण, विभिन्न सामुदायिक व क्षेत्रीय मुद्दों पर महत्वपूर्ण चर्चा की। बता दें कि गांव हसनपुर-परनाला में मंदिर के निकट राठी चबूतरे का निर्माण करने के लिए करीब एक एकड़ जगह चिह्नित की गई है। प्रधान रणबीर राठी की अध्यक्षता में सुबह हुई इस पंचायत में 6 गांवों के प्रतिनिधि शामिल हुए। पंचायत में ग्रामीणों ने आपसी एकजुटता, सामाजिक मुद्दों, विकास कार्यों और आने वाले समय की रणनीति को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया। लोगों ने अपने सुझाव रखे और कई बिंदुओं पर विमर्श किया। सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अशोक राठी, धर्मेंद्र जेलदार, जसवंत राठी, अशोक परनाला, प्रीतम सिंह, सुमेर राठी, राकेश कोच, सरपंच राजेश यादव, अजीत राठी, जगदीश, हुक्म नम्बरदार, सुखबीर सहित अनेक लोगों ने बैठक में सहमति बनाकर चबूतरे का निर्माण करवाने की बात कही।



बहादुरगढ़। परनाला में हुई पंचायत में अपनी बात रखते अशोक राठी।

## यूनिक कबड्डी लीग के सीजन–5 का आगाज

# दो दिवसीय यूनिक कबड्डी के फाइनल में पहुंचे पंजाब और हिमाचल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव कसार में आयोजित दो दिवसीय यूनिक कबड्डी लीग के सीजन–5 का आगाज उत्साह और जोश से भरे माहौल में हुआ। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आई 8 टीमों ने भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया। रोमांचक सेमीफाइनल में हिमाचल और पंजाब ने अपने विरोधियों को पराजित करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। वहीं गुजरात और हरियाणा की टीमें संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने शिरकत की। सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया।

### खिलाड़ियों का परिचय लेते भाजपा नेता दिनेश कौशिक



### आज भारतीय खिलाड़ी विदेशों में भी देश का नाम रोशन कर रहे : दिनेश कौशिक

भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। इससे न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आपसी भाईचारा भी विकसित होता है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय खिलाड़ी विदेशों में भी देश का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को पदक के अनुसार सम्मान, इनाम और सरकारी नौकरियों का लाभ दे रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, गुजरात, मुंबई, राजस्थान, दिल्ली और हिमाचल की टीमें शामिल हुईं। शुरुआत से ही मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। सेमीफाइनल में हरियाणा, हिमाचल, गुजरात और पंजाब की टीमों ने जगह बनाई। खिलाड़ियों ने मजबूत डिफेंस, शानदार फुर्ती और दमदार रेड का प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक मैदान में मौजूद रहे। आयोजकों ने दिनेश कौशिक को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### नशीला पदार्थ सप्लाई करने का आरोपी पुलिस रिमांड पर

**झज्जर।** एसटीएफ की एक टीम द्वारा नशीले पदार्थों की सप्लाई करने में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ प्रभारी उप-निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि कासनी से ढाकला चांदौल रोड पर एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से नशीला पदार्थ लिए हुए उसे बेचने की फिराक में है। एएसआई राजू कमार की टीम द्वारा राजेश निवासी मुंडाखेड़ा को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी की नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से पांच सौ ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी राजेश ने चरस सप्लाई करने वाले व्यक्ति का नाम जयभगवान निवासी कासनी बताया। आरोपियों के पर कार्रवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से सप्लायर जयभगवान को पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। जबकि आरोपी राजेश को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।





# जापान में फैंस से मिले प्यार पर हैरान हुए प्रभास

**मुंबई।** भारत की फिल्मों को देश ही नहीं, विदेशों में भी खूब देखा जाता है। हाल ही में फिल्म 'बाहुबली द एपिक' की जापान में स्क्रीनिंग हुई। इसी सिलसिले में फिल्म के लीड एक्टर प्रभास जापान पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इस पर फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने प्रभास के लिए भावुक नोट लिखा। इसके जवाब में प्रभास ने भी एक पोस्ट लिखी है। जापान में 'बाहुबली द एपिक' 12 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसकी स्पेशल स्क्रीनिंग पर प्रभास ने कहा 'आपके प्यार के लिए धन्यवाद। आप लोगों का प्यार मैं लंबे समय से सुन रहा था। आज यहां आकर समझ आया कि यह प्यार कितना सच्चा और गहरा है।

लाइफ Style

# सामंथा

## शादी के चार दिन बाद शुरू की शूटिंग

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु से शादी की थी और चार दिन बाद ही वह काम पर लौट आईं। सामंथा ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और वैनिटी वैन से तस्वीर शेयर की है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु के साथ शादी की थी और अब चौथे दिन ही वह काम पर लौट आईं। न्यूली वेड एक्ट्रेस ने सेट से एक तस्वीर भी शेयर की है। सामंथा ने शुक्रवार, 5 दिसंबर को वैनिटी वैन से अपनी तस्वीर शेयर की। वह अपनी नई फिल्म 'मेरे घर की लक्ष्मी' में बिजी हैं। सामंथा हनीमून पर भी सिर्फ एक ही दिन के लिए जा पाई थीं और बताया था कि वह बाद में ज्यादा दिन के लिए जाएंगी। अभी उन्हें शूट पर वापस लौटना है, तो सिर्फ एक दिन का गोवा का हनीमून प्लान किया है। सामंथा रुथ प्रभु अब काम पर लौटीं तो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह मेकअप चेयर पर बैठीं डायरेक्टर नंदिनी रेड्डी और मेकअप आर्टिस्ट अवनी रंभिया से बातें करती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'लेट्स गो।' सामंथा ने इस दौरान कैजुअल टी-शर्ट और जींस पहनी हुई थी, पर उनके हाथों और पैरों पर दुल्हन वाली मेहंदी साफ दिखाई दे रही थी। 30 नवंबर को सामंथा और राज निदिमोरु की शादी की खबरें सामने आई थीं, और अगली सुबह एक्ट्रेस ने तस्वीरें शेयर कर कन्फर्म किया कि उनकी और राज निदिमोरु की शादी हो गई।



हॉलीवुड मसाला



# मेन इन ब्लैक की होगी वापसी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सुपरहिट साइंस फिक्शन एक्शन फ्रेंचाइज 'मेन इन ब्लैक' के फैंस के लिए खुशखबरी है। खबर है कि विल स्मिथ एक नए मिशन के साथ सीरीज की अगली फिल्म में बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। 'बैड बॉयज' फ्रेंचाइज को रीबूट करने के बाद, सोनी पिक्चर्स अपना ध्यान अपनी एक और सबसे बड़ी हिट 'मेन इन ब्लैक' पर लगा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक नई 'मेन इन ब्लैक' मूवी पर काम शुरू हो गया है, जिसकी कहानी लिखने का जिम्मा 'बैड बॉयज फॉर लाइफ' के राइटर क्रिस ब्रेमर को मिला है।



# जस्टिन के साथ साझा की तस्वीरें, रिश्ते पर लगी मुहर

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आखिरकार अपने रिश्ते को आधिकारिक रूप से दुनिया के सामने ला दिया है। लंबे समय से चल रही अफवाहों के बीच दोनों ने जापान टूर की निजी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर एक तरह से अपने प्यार पर मुहर लगा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों ने यह साफ कर दिया है कि यह रिश्ता अब केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि सच है। कैटी पेरी इन दिनों अपने 'लाइफटाइम्स टूर' पर हैं और इसी दौरान उन्होंने जापान के इस टूर को साझा किया। पोस्ट में दोनों को एक साथ सेल्फी लेते हुए, कला प्रदर्शनियों का आनंद लेते हुए और साथ में समय बिताते हुए देखा जा सकता है। पेरी ने कैप्शन में केवल इतना लिखा- 'टोक्यो टाइम्स ऑन टूर एंड मोर' लेकिन इन कुछ शब्दों ने उनके रिश्ते की तस्वीर को पूरी तरह साफ कर दिया।



# पहली बार साथ दिखेंगे करीना- पृथ्वीराज

**मुंबई।** निर्देशक मेघना गुलजार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म की अभी शूटिंग चल रही है। इस बीच अब मेघना गुलजार ने फिल्म के फाइनल शेड्यूल की शूटिंग को लेकर अपडेट दिया है। इस फिल्म में करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। मेघना गुलजार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है। उन्होंने फिल्म के फाइनल शेड्यूल को लेकर जानकारी दी है। मेघना ने जो तस्वीर साझा की है वो किसी कार के अंदर की तस्वीर है। इसमें सीट पर बड़े-बड़े बैग रखे नजर आ रहे हैं। संभवतः इनमें शूटिंग उपकरण हैं। मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म में करीना कपूर और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



# मिशन इम्पॉसिबल के पूरे हुए 14 साल

**मुंबई।** 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' को रिलीज हुए 14 साल हो गए हैं। 7 दिसंबर, 2011 को रिलीज हुई हॉलीवुड जासूसी एक्शन फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' का दुबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुआ था। फिल्म के 14 साल पूरे होने पर, अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं और साथ ही एक प्यारा नोट भी लिखा है। अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम पर 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' के सेट की कई खास तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में अनील अपनी बेटी सोनम कपूर आहूजा और टॉम के साथ पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा कई तस्वीरों में 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' की स्टार कास्ट के साथ अनिल पोज देते नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



# तारक मेहता को एक और बड़ा झटका, प्राजक्ता ने छोड़ा शो

**नई दिल्ली।** बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिटकॉम पिछले 17 सालों से दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। ये शो अपनी कहानी के साथ-साथ अपने किरदारों को लेकर भी सुर्खियों में बना रहता है। वहीं, बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। एक और कलाकार ने ने सिर्फ इस शो को छोड़ा बल्कि मेकर्स पर आरोप लगाए हैं। दरअसल, 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के हम जिए कलाकार की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं, बल्कि एक्ट्रेस प्राजक्ता शिसोदे हैं। शो में उन्हें हमेशा ही गोकुलधाम सोसाइटी में सब्जी बेचते देखा गया और महिला मंडल संग गपशप करते। लेकिन, अब प्राजक्ता ने इस शो को अलविदा कह दिया हैं और इसकी जानकारी खुद एक पोस्ट शेयर करके दी है। साथ ही अपमान करने का आरोप लगाया है। प्राजक्ता ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शो छोड़ने की वजह बताई है। प्राजक्ता ने अपने किरदार की अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए बताया कि वो अब वो 'तारक मेहता' का हिस्सा नहीं हैं।

## अरमान और अभिर में होगी टक्कर

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। क्योंकि अरमान की एक गलती की वजह से अभिरा के साथ उसका रिश्ता मुश्किल में आ जाएगा। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग का एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। फिर एक बार अभिरा और अरमान के रिश्ते में दरार आ सकती है। रविवार के एपिसोड में आप देखेंगे कि अभिरा अपने पति अरमान को समझाएगी कि अगर वो उसकी जगह होती तो किसी एक पर सारा आरोप डाल देने की बजाए दोनों से तसल्ली से बात करती और फिर उन्हें समझाने की कोशिश करती। लेकिन, अभिरा की बात अरमान के खास समझ नहीं आएगी। क्योंकि शो के नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि उस वक्त पूरे परिवार के सामने तमाशा खड़ा हो जाएगा जब माहौल काफी टेंशन भरा होने के बाद कियारा अचानक वहां से भाग खड़ी होगी। अभिर उसके पीछे-पीछे जाएगा और कहेगा कि कियारा मैं तुमसे सचमुच प्यार करता हूं।



# रीना-किरण और गौरी, तीनों ने मेरी जिंदगी को नई दिशा दी

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान हमेशा अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहते हैं। लेकिन, इस बार उन्होंने अपने रिश्तों पर खुलकर बात की है। आमिर ने पूर्व पत्नियों और गर्लफ्रेंड पर एक इंटरव्यू में बात की है। आमिर खान ने अपने करियर के शुरुआती दौर में रीना दत्ता के साथ शादी की थी और दोनों ने करीब 16 साल साथ बिताए। उनके दो बच्चे जुनैद और आइरा, इस रिश्ते की सबसे बड़ी याद के तौर पर मौजूद हैं। अलग होने के बावजूद दोनों हमेशा एक-दूसरे के लिए सम्मान से भरे रहे। आमिर ने कहा कि रीना उनकी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा हैं और वह हमेशा उनके साथ एक मजबूत दोस्ती के रिश्ते में रहेंगे। उन्होंने यह भी माना कि इतना लंबा सफर साथ बिताने के बाद रिश्ता भले ही पति-पत्नी का नहीं रहा, लेकिन इंसान के रूप में दोनों कभी एक-दूसरे से अलग नहीं हुए। किरण राव और आमिर की शादी भी करीब 16 साल चली। दोनों ने मिलकर बेटे आज़ाद को पाला और तलाक के बाद भी उनकी परवरिश में कोई बदलाव नहीं आया। आमिर ने बताया कि वह और किरण आज भी एक परिवार की तरह जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि किरण, उनके माता-पिता, रीना और उनके माता-पिता, सभी मिलकर एक बड़ा, समझदार और संतुलित परिवार बनाते हैं। ये आपसी गर्मजोशी ही आमिर के व्यक्तिगत जीवन को खास बनाती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगा था कि एक उम्र के बाद वह दोबारा प्यार कर पाएंगे, तो उन्होंने साफ कहा- नहीं। लेकिन फिर उनकी मुलाकात हुई गौरी स्प्रेट से, जिनके बारे में आमिर ने बताया कि वह उनकी जिंदगी में बेहद सुकून और स्थिरता लेकर आई हैं।



# वो शर्त जिसकी बलि चढ़ा अमृता सिंह और रवि शास्त्री का रिश्ता, 39 साल पहले इस तस्वीर से खुली थी अफेयर की पोल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड और क्रिकेट का बहुत ही पुराना और गहरा कनेक्शन रहा है। जहां कई क्रिकेटर्स एक्ट्रेसेस को दिल दे बैठे और घर भी बसा लिया, वहीं कुछ का प्यार मुकम्मल नहीं हो सका। इस लिस्ट में अमृता सिंह और रवि शास्त्री का भी नाम शामिल है। यह 80 के दशक की बात है। तब एक तरफ रवि शास्त्री क्रिकेट की दुनिया में छाए हुए थे और सब उनके मुरीद थे, वहीं दूसरी ओर अमृता सिंह भी फिल्मों में डेब्यू कर चुकी थीं और चर्चा बटोर रही थीं। तब सोशल मीडिया इतना चलन में नहीं था, पर उस वक्त की मैगजीन और अखबारों में अमृता सिंह और रवि शास्त्री के अफेयर की खूब चर्चा होती थी। फिर साल 1986 में एक मैगजीन के कवर पर जब अमृता और रवि शास्त्री की तस्वीर सामने आई, तो अफेयर की बात एकदम साफ हो गई। फिर ऐसा क्या हुआ था कि दोनों का रिश्ता टूट गया, जबकि शादी की भी खबरें आने लगी थीं?



### बचपन की दोस्त से की शादी

लेकिन, न तो रवि शास्त्री झुकने को तैयार हुए और ना ही अमृता सिंह मानीं। और इस तरह उनका रिश्ता हमेशा के लिए खत्म हो गया। इसके बाद शास्त्री ने साल 1990 में बचपन की दोस्त रितु से शादी कर ली और बेटी अलेका के पिता बने। हालांकि, दो दशक से भी ज्यादा समय बाद उनकी शादी टूट गई।

### मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी पहली मुलाकात

एक रिपोर्ट के मुताबिक, रवि शास्त्री और अमृता सिंह की पहली मुलाकात मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी। तब रवि शास्त्री ने बाद में स्वीकार किया था कि शुरू में वह 10 मिनट तक बात ही नहीं कर पाए और बहुत शरमा रहे थे। तब अमृता ने ही बात करना शुरू किया। इसके बाद रवि शास्त्री और अमृता की नजदीकियां बढ़ने लगीं, और एक-दूसरे से प्यार करने लगे। इसके बाद जब नवंबर 1986 में 'सिने ब्लिट्ज' मैगजीन के कवर पर अमृता सिंह और रवि शास्त्री की तस्वीर दिखी, तो उनका रिश्ता पब्लिक हो गया था। उनकी केमिस्ट्री की तो तारीफ हुई ही, साथ ही उनकी शादी की अटकलें और तेज हो गई थीं। लेकिन किसी वजह से इस रिश्ते में रोड़ा अटक गया। रवि शास्त्री की एक शर्त ने अमृता सिंह के साथ उनके रिश्ते को खत्म कर दिया।

**किसी एक्ट्रेस को पत्नी नहीं बनाना चाहता :** रिपोर्ट के मुताबिक, उस दौर के एक इंटरव्यू में रवि शास्त्री ने साफ कर दिया था कि वह किसी एक्ट्रेस को अपनी पत्नी नहीं बनाना चाहते। उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टनर की पहली प्राथमिकता उसका घर होना चाहिए। उस वक्त अमृता अपने करियर के पीक पर थीं और सुपरहिट डेब्यी फिल्म दे चुकी थीं, जिसके बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई थी। अमता ने यह कहते हुए विरोध जताया कि वह अपने प्रोफेशन से यूं ही दूर नहीं जा सकतीं। हालांकि, यह भी कहा था कि कुछ साल के बाद वह जरूर हाउसवाइफ बनकर रह सकती हैं और घर संभाल सकती हैं।

## एक के बिके थे 3 करोड़ से ज्यादा टिकट तो एक की 2 करोड़ कमाई

# धर्मेंद्र की दो फिल्मों ने रूस में कर दिया था कमाल

*नई दिल्ली। रूस और भारत के रिश्ते सिर्फ राजनीतिक नींव पर नहीं टिके हैं, दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध भी हैं, जो इन रिश्ते को और मजबूत बनाते हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक रिश्ते बहुत पुराने हैं और उसका बहुत ज्यादा श्रेय हिंदी सिनेमा को भी जाता है। हिंदी सिनेमा के कुछ कलाकारों ने सोवियत संघ के बाजारों पर अपनी फिल्मों के जरिए छाप छोड़ी। उन्हीं में से एक एक्टर थे धर्मेंद्र देओल, जिनका निधन 24 नवंबर 2025 को उम्र संबंधी बीमारियों के बाद हुआ। उनकी दो फिल्में वहां रिलीज हुईं और सुपरहिट हुई थीं। वैसे तो धर्मेंद्र की बहुत सारी फिल्मों को रूस में रिलीज किया गया, लेकिन उनकी 'अलीबाबा और 40 चोर' का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। 1980 में आई 'अलीबाबा और 40 चोर' फिल्म का निर्माण सिर्फ भारत की कंपनी के बैनर तले ही नहीं हुआ, बल्कि फिल्म का सह-निर्माण भारत की ईगल फिल्म्स और सोवियत संघ के उज्बेक फिल्म स्टूडियो ने मिलकर किया था। फिल्म न केवल भारत सुपरहिट साबित हुई, बल्कि इसका जादू रूस में भी चला।*



### इस फिल्म ने बना दिया था ग्लोबल आइकन

फिल्म को रूसी भाषा में रिलीज किया गया और ये दोनों देशों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। फिल्म भारत के सिनेमाघरों पर 25 हफ्तों तक लगातार चली और फिल्म ने भारत में 3 करोड़ की कमाई की। वहीं, सोवियत संघ में भी फिल्म ने लगभग 2 करोड़ की शानदार कमाई की थी। इस फिल्म ने धर्मेंद्र को ग्लोबल आइकन बना दिया था।

### धरमवीर भी रूस में हुई थी रिलीज

'अलीबाबा और 40 चोर' के अलावा धर्मेंद्र की 'धरमवीर' फिल्म भी उस मुल्क में हिट साबित हुई थी। फिल्म साल 1997 की दूसरी बड़ी हिट बनकर उभरी थी और रूस में फिल्म के 3 करोड़ से ज्यादा टिकट बिके थे। फिल्म ने भारत के सिनेमाघरों पर तकरीबन 50 हफ्तों तक अपना जादू बिखेरा था और इसी फिल्म की वजह से फैंस ने उन्हें 'आयरन' मैन का टैग दिया था।

### अलीबाबा और 40 चोर

रूस में रिलीज के बाद फिल्म 'अलीबाबा और 40 चोर' में धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की रोमांटिक केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था। धर्मेंद्र को उनकी खूबसूरती की वजह से पहले ही भारत में पसंद किया जा रहा है, लेकिन सोवियत संघ में भी अपनी पर्सनैलिटी और हैंडसम चेहरे की वजह से उन्हें अलग पहचान मिली।



## खबर संक्षेप

### एनडीपीएस एक्ट का आरोपी भेजा जेल

**बावल।** पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बावल थाना पुलिस ने गुप्ता सूचना के आधार पर 6 दिसंबर को नैचाना निवासी संजोग को नशीले कैप्सूलों के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसके कब्जे से 10 पत्ते नशीले कैप्सूल बरामद किए थे, जिनका वजन 140 ग्राम था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। पुलिस नशीले कैप्सूल मुहैया कराने वाले की तलाश कर रही है।

### मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** थाना कोसली पुलिस ने मारपीट करने और धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत 28 अगस्त को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पीड़ित ने अपने बयान में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने लिसान निवासी रवि, डेविड और सुमित को काबू कर लिया। आरोपियों को तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### एक्साइज एक्ट का आरोपी चढ़ा हत्थे

**धारूहेड़ा।** थाना जाटूसाना पुलिस ने एक्साइज एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जोनावास गांव से शराब बरामद करने के बाद गत 64 दिसंबर को एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में एक आरोपी युद्धवीर फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने आरोपी को इस मामले में काबू कर लिया। आरोपी को बाद में पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक पकड़ा

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने सड़क हादसे में एक व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने के बाद 2 दिसंबर को केस दर्ज किया था। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच करते हुए खरखड़ा निवासी यश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उसका वाहन भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। बाद में आरोपी को तफ्तीश में शामिल करते हुए पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### दहेज प्रताड़ना के मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस शिकायत में एक गांव निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए परेशान करने और दहेज नहीं लाने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे, परंतु सहमति नहीं बनी। पुलिस ने 17 नवंबर को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने दिल्ली के नरेला निवासी विजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

# पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने किया शहीद करण सिंह की प्रतिमा का अनावरण

- भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल सहित क्षेत्र की सरदारी ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

प्रदेश के ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ और पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने शहीद के परिजनों और क्षेत्र की सरदारी की ने भावपूर्ण माहौल में गांव डावला में शहीद करण सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। इस उपरांत अतिथियों ने शहीद विनोद कुमार की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री ने पार्टी के राष्ट्रीय सचिव की मांग पर शहीद के नाम पर गांव डावला में आधुनिक ई-लाइब्रेरी नये भवन सहित और धनखड़ खाप के चबूतरे के लिए 11 लाख रुपये देने की घोषणा की।





झज्जर। शहीद करण सिंह की प्रतिमा का अनावरण करने के उपरांत उपस्थित कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार एवं अन्य, युद्ध वीरांगना को नमन करते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

#### सरकार के लिए शहीदों का सम्मान सर्वोपरि

हमारी सरकार के लिए शहीदों का सम्मान सर्वोपरि है। गांव के खेतों की तरफ जाने वाले पांच रास्ते शहीद के नाम पर पक्के किए जाएंगे। गांव में महिलाओं के लिए महिला सांस्कृतिक केंद्र खोला जाएगा। गांव में इंडोर जिम के लिए दस लाख रुपये के उपकरण देने की घोषणा कैबिनेट मंत्री ने की

#### मोदी ने शहीदों के सम्मान में अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहीदों के सम्मान देने के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उन्होंने शहीद करण सिंह की धर्मपत्नी युद्ध वीरांगना आरती देवी, माता सुमित्रा देवी, शहीद विनोद कुमार की धर्मपत्नी युद्ध वीरांगना विमला देवी का सम्मान किया।

#### श्रद्धांजलि अर्पित की

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने शहीद करण सिंह और विनोद कुमार कुमार को अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा गांव गांव वीर भूमि, अगणित है शौर्य गाथा हर उत्सव पर हरियाणा- वीरों तुमको शीश नवाता। उन्होंने कहा कि हरियाणा हरि की धरा है, उच्च यहां की परंपरा है। यह उच्च परंपरा ऐसी है कि जवान पुत्र के शहीद होने पर, दादा कहता है अपने पोते को सेना में भेजूंगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की राजधानी दिल्ली में इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र की प्रतिमा और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में हर शहीद सैनिक का नाम अंकित होना अपने आप में गौरव की बात है। इस अवसर पर शहीद करण का बेटा रूद्र, बेटी परी व भाई अर्जुन, शहीद विनोद का बेटा आशीष सहित अन्य परिजन भी मौजूद रहे।

*लगातार हो रही अनदेखी से मिड-डे मील कर्मचारियों में रोष*

# लंबित मांगों को लेकर मिड-डे मील वर्कर्स ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

- बच्चों को भी मिड डे मील के दायरे में लाने तथा मिड डे मील वर्कर्स को पक्का कर्मचारी बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन द्वारा रविवार को लघु सचिवालय परिसर में अपनी लंबित मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता मिड-डे मील की राज्य प्रधान सरोज दुजाना ने की। प्रदर्शन के दौरान मिड-डे मील वर्कर्स ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारे बाजी की। सरोज दुजाना ने कहा कि वे अपनी लंबित मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन सरकार द्वारा उनकी तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही। लगातार हो रही अनदेखी से मिड-डे मील कर्मचारियों में रोष है। सरकार को चाहिए कि वे उनकी विभिन्न मांगों व समस्याओं का शीघ्र निपटान करें। इसके बाद उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा।



झज्जर। विरोध प्रदर्शन करते हुए मिड-डे मील वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मिड-डे मील यूनियन पदाधिकारी।

#### मिड डे मील वर्कर्स को पक्का कर्मचारी बनाने की मांग

ज्ञापन में शामिल मुख्य मांगों में मिड-डे मील वर्कस का बकाया व कटा हुआ मानदेय तुरंत जारी करने, स्कूल मर्ज या बंद होने पर कर्मचारियों को नौकरी से न हटाने, 26 हजार वेतन करने व पूरे बारह महीने देने, सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष करने, वर्दी भत्ता दो हजार रुपये, दुर्घटना में घायल होने पर उपचार की निःशुल्क व्यवस्था व मृत्यु होने पर आश्रितों को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने, बारहवीं कक्षा तक के बच्चों को भी मिड डे मील के दायरे में लाने तथा मिड डे मील वर्कर्स को पक्का कर्मचारी बनाने की मांग शामिल हैं। इस मौके पर जिला प्रधान निर्मला, ब्लॉक प्रधान प्रेम, बादली ब्लॉक प्रधान मोनिका, सावित्री, शालू, बाला, मीनू, कमलेश, दर्शना, सूरजमुखी, शीला, सुनीता, ज्योति आदि सहित अन्य भी शामिल रहे।

# आर्यजनों को किया घर-घर यज्ञ करने के लिए प्रेरित



झज्जर। मासिक यज्ञ के दौरान उपस्थित आर्यजन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आर्य समाज द्वारा रविवार को वैदिक कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मासिक यज्ञ एवं सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्मचारी इंद्रजीत आर्य यज्ञ ब्रह्मा व सुमित्रा आर्य यज्ञमान के रूप में उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ संपन्न कराने के बाद चले भजन एवं प्रवचन कार्यक्रम में आर्य समाज के जिला प्रधान राजीव राठी ने आर्यजनों को घर-घर यज्ञ अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया। आचार्या अरविंद गार्गी ने लोगों को प्रातः जल्दी उठने के लाभों से अवगत कराते हुए सतपाल पथिक का मधुर भजन भी सुनाया। इनके अलावा मुख्य वक्ता आचार्य शतक्रतु ने मावन जीवन के उद्देश्य व ईश्वर प्राप्ति के मुख्य घटकों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर नरेश देशवाल, सूबे सिंह, संजू गुर्जर, गौरव सैनी, लाला प्रकाशवीर, स्मृति गहलोत, उषा गहलोत, नंदिनी आर्य, दलीप सैनी, योगेश आर्य, महाशय रतिराम आर्य, जितेंद्र बराणी, विकास आर्य, शुद्ध चैतन्य सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

*बेरी गेट स्थित प्रजापति धर्मशाला में राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन*

# ओबीसी समाज को 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग उठाई

- आयोजन में प्रदेशभर से ओबीसी समाज के लोगों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

ओबीसी ब्रिगेड द्वारा रविवार को बेरी गेट स्थित प्रजापति धर्मशाला में राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रदेशभर से ओबीसी समाज के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र तंवर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने ओबीसी समाज को 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग उठाई। सम्मेलन में फैसला लिया गया कि ओबीसी ब्रिगेड की ओर से प्रदेश में पांच जोन बनाए जाएं। उनकी अन्य मांगों में लोकल बॉडी और पंचायती राज संस्थाओं में मेंबर से लेकर चेयरमैन तक ओबीसी की आबादी के अनुसार आरक्षण लागू कराना। सत्ता व राजनीतिक पार्टियों के संगठनों में जनसंख्या के हिसाब से हिस्सेदारी, समाज के शिक्षार्थी बच्चों को एससी के समान सभी प्रकार की सरकारी सुविधाओं जैसी मांग शामिल है। इस मौके पर प्रधान रामपत ठेकेदार, इन्द्रपाल खोहाल, बलवान सिंह, सुरेंद्र सिंह , गोवर्धन, सूरजभान फौजी, एडवोकेट पवन सैनी, राजेश कुमार प्रजापति, महेंद्र, देवी, प्रेम, राजकुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। सम्मेलन में उपस्थित ओबीसी ब्रिगेड सदस्य एवं पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### गोमाता को नगर माता का दर्जा देने की उठी मांग

**बहादुरगढ़।** गोमाता को नगर माता का दर्जा देने की मांग लगातार जोर पकड़ रही है। सनातन संस्कृति रक्षा दल के आह्वान पर शहर के पार्षदों और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा मांग पत्र दिए जाने के बाद अब सरपंच भी इस अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। सनातन संस्कृति रक्षा दल के प्रदेशाध्यक्ष सतपाल बूरा ने बताया कि सिद्दीपुर की सरपंच रेखा देवी, बराही के सरपंच मोहित छिल्लर और मुकुंदपुर के सरपंच सुमित छिकारा ने अपने गांवों की ग्राम सभाओं में बैठक कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया है। प्रस्ताव में गौमाता को नगर माता का दर्जा देने की मांग की गई है। इसे लागू करने के लिए प्रशासन व सरकार से आग्रह किया गया है। इससे गौ संरक्षण और संवर्धन के प्रयासों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले दिनों में और भी पंचायतें, संस्थाएं और नागरिक इस मुहिम से जुड़ेंगे और बहादुरगढ़ को सांस्कृतिक रूप से एक नई पहचान दिलाने में योगदान देंगे।



झज्जर। नशे के खिलाफ जागरूकता की शपथ दिलाते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की वालंटियर्स। फोटो : हरिभूमि

### नशा मुक्ति हरियाणा मिशन के तहत गांव ढराणा में जागरूकता शिविर आयोजित

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शुरू किया गया नशा मुक्त झज्जर मिशन जिला भर में आगामी छह जनवरी तक चलाया जाएगा। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विशाल ने बताया कि अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों व आमजन को नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया जा रहा है ताकि युवा पीढ़ी को नशे जैसी बुराई से बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि रविवार को गांव ढराणा में आयोजित जागरूकता शिविर में पैनल अधिवक्ता सुविधा व पीएलवी सरोज देवी ने ग्रामीणों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

### शिल्पकारों के लिए स्टॉल्स का ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि जिले के शिल्पकारों को अपनी कला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। हरियाणा पर्यटन निगम द्वारा आयोजित सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला-2026 के लिए शिल्पकारों के स्टॉल्स का ऑनलाइन पंजीकरण आरम्भ हो चुका है। शिल्पकार एक दिसंबर से 20 दिसंबर तक स्टॉल के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह मेला देश-विदेश की कला, संस्कृति एवं हस्तशिल्प को बढ़ावा देने का विश्व-प्रसिद्ध मंच है।

### विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए पीटीएम आवश्यक : धर्मेंद्र जून

**झज्जर।** कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में रविवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्री-नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने शिक्षकों से बातचीत करते हुए अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी हासिल की। अभिभावकों ने अपने बच्चों की आदतों, रुचियों, शैक्षिक प्रदर्शन एवं समग्र विकास की जानकारी लेते हुए शिक्षकों को कुछ आवश्यक सुझाव भी दिए। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र जून ने अभिभावकों से कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार पीटीएम का होना आवश्यक है।



झज्जर। शिक्षकों से मिलकर अपने बच्चों की शैक्षणिक रिपोर्ट लेते हुए अभिभावक।

## डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में 100 कुंडीय यज्ञ आयोजित

# विद्यार्थियों ने ली नशे से दूर रहने की शपथ

- यज्ञ ब्रह्मा आर्य समाज के पुरोहित ब्रह्मचारी इंद्रजीत ने मंत्रोच्चार एवं मंत्रों की व्याख्या करते हुए पूर्णाहुति करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

रविवार को स्थानीय पुलिस लाइन परिसर में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल द्वारा 100 कुंडीय यज्ञ आयोजित किया गया। यज्ञ ब्रह्मा आर्य समाज के पुरोहित ब्रह्मचारी इंद्रजीत ने मंत्रोच्चार एवं मंत्रों की व्याख्या करते हुए पूर्णाहुति करवाई। इस दौरान विद्यार्थियों ने जीवन में किसी प्रकार का नशा न करने की प्रतिज्ञा ली। यज्ञ के बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने नशे से नष्ट हो रहे समाज पर प्रकाश डालते हुए शानदार लघु नाटक व समूह गान भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे एसीपी अनिरुद्ध चौहान ने कहा कि आर्य समाज की भांति जिला पुलिस ने भी नशे को जड़ मूल से समाप्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जितनी आसानी से नशा मिलता है, उसके दुष्परिणाम उससे कहीं अधिक दुर्लभ होते है। प्राचार्य पंकज वालिया ने कविता के माध्यम से बच्चों और युवा वर्ग को नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा अभियान के अंतर्गत आयोजित वैदिक यज्ञ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि नशे को दूर भगाते हुए एक स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज के निर्माण के लिए युवा वर्ग को प्रेरित करने का एक माध्यम है।



झज्जर। 100 कुंडीय यज्ञ में भाग लेते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### कबड्डी खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित



बहादुरगढ़। कबड्डी खिलाड़ियों व आयोजकों के साथ विधायक राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** विधायक राजेश जून ने रविवार को गांव कसार में यूनिक कबड्डी लीग सीजन-5 में पहुंचकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। साथ ही अपनी तरफ से 11 हजार रुपए की धनराशि आयोजकों को दान स्वरूप भेंट की।

यूनिक कबड्डी लीग में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने पहुंचे विधायक राजेश जून का आयोजकों ने स्वागत किया तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि ऐसे खेल आयोजन से क्षेत्र की छुपी हुई प्रतिभाओं को अपना मौका दिखाने के लिए नया मंच मिलता है। विधायक राजेश जून ने खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए कहा कि इनमें से ही खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलकर अपने प्रदेश व देश के लिए मेडल जीत कर लाते हैं। अभिभावक भी अपने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित करें। खेलों के क्षेत्र में आज रोजगार के सुनहरे अवसर मौजूद हैं। निरंतर खेलों में हिस्सा लेने से शरीर भी मजबूत व निरोग रहता है। विधायक राजेश जून ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सहित दो आरोपी गिरफ्तार



**बहादुरगढ़।** ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन के तहत सीआईए-1 बहादुरगढ़ की दो टीमों ने अलग-अलग जगहों से अवैध हथियार रखने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया। सीआईए-1 प्रबंधक निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही रामबीर की टीम ने मेला ग्राउंड के पास से महेंद्र निवासी बादली को पकड़ा, जिसके पास से एक पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस मिले। वहीं मुख्य सिपाही संदीप कुमार की टीम ने नया बस स्टैंड से महेश निवासी पाहसौर बादली को एक पिस्तौल और दो कारतूस सहित गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना शहर बहादुरगढ़ में शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया गया।

### गंदगी से वार्ड-24 के लोगों में रोष

**बहादुरगढ़।** शहर के वार्ड नंबर-24 में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के निकट लंबे समय से नालियों की सफाई नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। स्थानीय निवासी गोपाल, विनोद, कैलाश, हेम जैन, नैतिक व यशपाल हिंदुस्तानी ने बताया कि नालियों में कचरा और मिट्टी जमा होने के कारण पानी का बहाव रुक गया है। जिससे नालियों का पानी सड़क पर बहने लगा है। जिस कारण बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से आग्रह किया कि वे नालियों की सफाई तुरंत करवाएं और नियमित निगरानी रखें।

### पंडित रामकंवार को दी श्रद्धांजलि

**बहादुरगढ़।** युवा भाजपा नेता मनोज वशिष्ठ के दादा स्व. पंडित रामकंवार वशिष्ठ की रस्म सतरहवीं पर रविवार को असंख्य लोगों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ सुशील गुप्ता, विधायक राजेश जून, पूर्व विधायक नरेश कौशिक, मोहनलाल बडौली के पुत्र संदीप, मार्केट कमेटी के चेयरमैन विनोद कौशिक, पालेराम शर्मा, राजपाल जांगड़ा, एचसीएस भूपेंद्र सिंह, दयाकिशन छिल्लर, पार्षद जितेंद्र नफे सिंह राठी, मोहित राठी, राजेश मकड़ोली, नरेश भारद्वाज, आदि ने रामकंवार वशिष्ठ को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### समाज को नशे से दूर रखने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत के निर्माण की कामना की

# सेक्टर-6 में 100 कुंडीय हवन में डाली आहूति

नुक्कड़ नाटिका और वंशिका ने अपनी कविता के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने तथा नशा मुक्त भारत बनाने के लिए प्रेरित किया

*कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से बचने, समय का सदुपयोग करने तथा सकारात्मक जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

रविवार को शहर के सेक्टर-6 स्थित पार्क नंबर-13 में 100 कुण्डीय विशाल हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सड़क सुरक्षा अधिकारी सतीश कुमार, चेयरपर्सन सरोज राठी, कैप्टन मानसिंह दलाल आदि सम्मिलित हुए। उनके साथ बड़ी संख्या में डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक हवन में आहूति डाली।

आर्य युवा समाज द्वारा डीएवी स्कूल के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का मंच संचालन शालू शर्मा और प्रेम ने किया। हवन का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। जिसमें समाज को नशे से दूर रखने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत के निर्माण की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से बचने, समय का सदुपयोग करने तथा सकारात्मक जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। हवन के उपरांत विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटिका और वंशिका ने अपनी कविता के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने तथा नशा मुक्त भारत बनाने के लिए प्रेरित किया। सिद्दीपुर लोवा गुरुकुल की छात्राओं ने भजन की सुंदर प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों व शिक्षकों ने हाथों में तख्तियों और जुबान पर नारों के साथ नशा-मुक्ति रैली निकाली। राहगीरों और स्थानीय निवासियों ने भी रैली का स्वागत किया और बच्चों के प्रयासों की सराहना की।



बहादुरगढ़। सौ कुंडीय यज्ञ में आहूति डालते डीएवी स्कूल के विद्यार्थी।

#### यज्ञ का उद्देश्य नशामुक्त भारत बनाने और युवा पीढ़ी को इसके प्रति जागरूक करना है

प्रधानाचार्य राजदीप कुलश्रेष्ठ ने कहा कि यह आयोजन नो नशा अभियान के तहत आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी की अध्यक्षता में हो रहा है। उन्होंने आर्य युवा समाज की विचारधारा को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि 100 कुण्डीय यज्ञ का उद्देश्य नशामुक्त भारत बनाने और युवा पीढ़ी को इसके प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में ब्रह्मजीत छिकारा, राजेश राठी, ईश्वर आर्या, जयपाल दहिया, हरिओम दलाल, संतलाल, सत्यप्रकाश छिकारा, अंजू अग्रवाल आदि ने आहूति डाली। शांति पाठ, प्रसाद वितरण और नशा मुक्त भारत की प्रतिज्ञा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



झज्जर। पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते हुए नव नियुक्त पदाधिकारी।

## तीसरी बार सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान बने रामबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सर्व कर्मचारी संघ के 12वें जिला अधिवेशन की शुरुआत शहीद वेदी पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए की गई। पटवार भवन में संपन्न हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान रामबीर ने की जबकि मंच संचालन शिवम द्वारा किया गया। इस दौरान संगठन की त्रिवार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा कोषाध्यक्ष श्रीभगवान ने लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में हरियाणा रोजगार कौशल निगम को भंग करने, नियमित भर्तियां करने, आठवें वेतन आयोग में रिटायर्ड कर्मचारियों सहित सभी के जायज वेतनमान लागू करने, तबादलों में सही तौर-तरीके अपनाने, विभागों में कर्मचारियों के लंबित मामलों को सुलझाने सहित अनेकों मुद्दों पर बात रखी। इसके उपरांत सर्व सम्मत्ति से हुए चुनाव में तीसरी बार रामबीर को जिला प्रधान की जिम्मेवारी सौंपी गई।

#### नव नियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई

इनके अलावा नरेश छिल्लर को सचिव, श्रीभगवानको कोषाध्यक्ष, राजेंद्र तुषामड को वरिष्ठ उपप्रधान, विजय माजरा व सतीश अहलावत को उपप्रधान, शिवम को संगठन सचिव, देवेंद्र को प्रेस सचिव, सतीश को सहसचिव तथा बिजेंद्र सैनी को ऑडिटर का पदभार दिया गया। नव नियुक्त पदाधिकारियों को चुनाव पर्यवेक्षक मुकेश खर्ब तथा जयपाल गुढ़ा ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर दिलबाग दलाल, रामेश्वर बिरधाना, सतबीर कादियान, देवेंद्र यादव, बंसी लाल, अफलातून जाखड़, किरण बरहाना, नवीन ओहल्याण, रविंद्र दलाल, रामदर्शन कौशिक, रमेश जाखड़, संदीप मारौत, दीपक यादव, सुंदरलाल, सुदर्शन, अशोक, महावीर, सुरेश, महेंद्र, गौरव, सरोज ढुजाना सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जुलाना रैली के लिए रवाना हुए जजपाई

- जेजेपी ने विधानसभा में कानून बनाकर निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75% आरक्षण दिलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जजपा के 8वें स्थापना दिवस पर जुलाना में आयोजित रैली में भाग लेने के लिए झज्जर से भी कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर रवाना हुए। जिलाध्यक्ष संजय दलाल के नेतृत्व में उत्साहित कार्यकर्ता रैली में भाग लेने गए। उन्होंने जेजेपी के प्रति अपना भरोसा जताते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय चौटाला और पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में जजपा प्रदेश में मजबूत राजनीतिक विकल्प बनेगी। जेजेपी ने विधानसभा में कानून बनाकर निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75 प्रतिशत आरक्षण दिलवाया। जेजेपी सुप्रीम कोर्ट में भी युवा हितों की लड़ाई लड़ेगी। उनके साथ संदीप अहलावत, राजू दलाल, दिलबाग सिंह, प्रियांशु अहलावत, जगदेव राणा, कृष्ण जून, ओमप्रकाश मलिक, राजेश राठी, उमेद सेन, रामेश्वर नारा, अमर सिंह देशवाल, जयभगवान दलाल, गगन सांगवान, रोहित, प्रदीप कानोंदा और अजय दलाल समेत असंख्य कार्यकर्ता जुलाना के लिए रवाना हुए।



बहादुरगढ़। जुलाना रैली में भाग लेने जाते जजपा कार्यकर्ता।

### लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया

**बहादुरगढ़।** पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में निरीक्षक सतीश कुमार की टीम ने वार्ड 10 में पहुंचकर लोगों को नशे के नुकसान और इससे समाज को होने वाली हानि के बारे में जानकारी दी। निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि नशे की लत युवाओं और आने वाली पीढ़ी के भविष्य को बर्बाद कर रही है। समाज और पुलिस दोनों को मिलकर इसके खिलाफ काम करना होगा। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि अगर किसी को नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। इसके लिए डायल-112 के अलावा हेल्पलाइन नंबर 9050891508 और मानस पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है।

## साइबर अपराध से बचाव को लेकर जिला पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



डिजिटल युग में साइबर अपराधों को देखते हुए जिला पुलिस द्वारा आमजन के लिए साइबर सुरक्षा एडवाइजरी जारी की गई है। पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने बताया कि साइबर ठग तकनीक का दुरुपयोग कर आम लोगों को नए-नए तरीकों से निशाना बना रहे हैं, इसलिए सतर्कता और जागरूकता ही स्वयं को सुरक्षित रखने का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी बैंक, सरकारी विभाग, कस्टमर केयर कंपनी या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के प्रतिनिधि बनकर लोगों को कॉल या संदेश भेजते हैं। वे ओटीपी, एटीएम पिन, पासवर्ड, सीवीवी और अन्य गोपनीय विवरण साझा करने का झांसा देकर खातों से पैसे उड़ा लेते हैं। कई अपराधी फर्जी कस्टमर केयर नंबर, लोन ऐप, क्यूआर कोड, निवेश योजनाएं और ऑनलाइन खरीद–फरोख्त जैसे माध्यमों का उपयोग करते हुए लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी बैंक या अधिकृत संस्था कभी भी फोन पर ओटीपी, पासवर्ड या पिन नहीं मांगती। इसलिए ऐसे किसी भी कॉल, मैसेज या लिंक से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि भुगतान प्राप्त करने के लिए क्यूआर कोड स्कैन नहीं किया जाता, बल्कि इसका उपयोग भुगतान भेजने के लिए होता है। साथ ही उन्होंने आमजन को गूगल पर उपलब्ध कस्टमर केयर नंबरों पर भरोसा न करते हुए केवल आधिकारिक वेबसाइटों या मोबाइल ऐप से ही सही नंबर प्राप्त करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें। साथ ही पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें।

### स्कॉलरशिप टेस्ट में 550 विद्यार्थियों ने लिया भाग

**झज्जर।** संस्कारम् इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह विद्यालय परिसर में बच्चों के रजिस्ट्रेशन से हुई। प्राध्यापिका रेखा यादव व मोनिया ने बताया कि इस टेस्ट में करीब साढ़े पांच सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने के लिए फन जोन, डांस, एंकरिंग, फोटोग्राफी एवं रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था भी रही। संस्कारम् समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल यादव ने बताया कि उनके संस्थान का लक्ष्य बच्चों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का विकास करना है। स्कॉलरशिप टेस्ट से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें अपनी क्षमता पहचानने का अवसर मिलता है। प्राचार्या श्वेता कौशिक ने स्कॉलरशिप टेस्ट में उपस्थित सभी शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का आभार जताया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## बराही में आधुनिक बास्केटबॉल ग्राउंड का निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बराही गांव में खेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर ने रविवार को जिम हाल और आधुनिक बास्केटबॉल ग्राउंड निर्माण कार्य का शुभारंभ करवाया। कार्यक्रम में पहलवानों ने जिम हाल और बास्केटबॉल खिलाड़ी दीपिका से नारियल फोड़कर बास्केटबॉल ग्राउंड के निर्माण कार्य का शुभारंभ करवाया गया।

जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर ने बताया कि जिला परिषद की ग्रांट से बराही गांव में खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए बास्केटबॉल ग्राउंड का निर्माण शुरू किया गया है। इसके साथ ही एक आधुनिक जिम हाल भी स्थापित किया जा रहा है। आने वाले दिनों में यह खिलाड़ियों के उपयोग के लिए पूरी तरह उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से गांव के युवाओं में खेल के प्रति उत्साह अधिक बढ़ेगा।

रविंद्र छिल्लर ने कहा कि बराही गांव के होनहार खिलाड़ी विभिन्न खेलों में न सिर्फ राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मेडल जीतकर प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। यह गांव के हर नागरिक के लिए गर्व की बात है। छिल्लर ने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार भी खिलाड़ियों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हमारा भी दायित्व है कि खेल प्रतिभाओं को सही मंच और संसाधन उपलब्ध करवाएं, ताकि सुविधा के अभाव में किसी खिलाड़ी का सपना अधूरा न रह जाए।



बहादुरगढ़। रविंद्र छिल्लर व ग्रामीणों की मौजूदगी में नारियल फोड़ती दीपिका।

## शहादत दिवस पर याद किए गए कैप्टन कुलदीप सिंह राठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले मां भारती के वीर सपूत शहीद कैप्टन कुलदीप सिंह राठी को उनके शहादत दिवस पर गांव सांखोल में श्रद्धांजलि दी गई। रविवार को स्मारक स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में संघर्षशील जनकल्याण सेवा समिति व ग्रामीणों ने पुष्प अर्पित कर शहीद को नमन किया। कार्यक्रम स्थल भारत माता की जय और शहीद कैप्टन कुलदीप सिंह अमर रहें के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक सहित कम उम्र के बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि वीर शहीदों के बलिदान के बूते ही हम आजादी तथा सुरक्षा भरे माहौल में रह रहे हैं। शहीदों का सम्मान करना हमारा दायित्व है। बता दें कि कैप्टन कुलदीप सिंह राठी का जन्म 1 अगस्त 1947 को गांव सांखोल में हुआ। अपने पिता तारीफ सिंह से उन्हें देश सेवा की प्रेरणा मिली।



बहादुरगढ़। कैप्टन कुलदीप सिंह राठी को नमन करते ग्रामीण।

### सबसे पहले हमें संगठन में टीम को खड़ा करना होगा

# नव वर्ष से पहले करें जिलों की कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर द्वारा रविवार को कच्चा बाबरा रोड स्थित एक समारोह स्थल में प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर कुमार यादव, प्रदेशाध्यक्ष राव धर्मपाल, प्रदेश महामंत्री संगठन जगमोहन यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष दिवान सिंह, बीरेंद्र सिंह यादव, कृष्ण यादव और पार्षद शारदा यादव ने विशेष रूप शिरकत की।

इस दौरान अपने संबोधन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर कुमार यादव ने कहा कि सबसे पहले हमें संगठन में टीम को खड़ा करना होगा। जब टीम मजबूत होगी तो हम समाज में फैल रही कुरीतियों के प्रति और लोगों में जागरूकता के लिए कार्य को सुगमता से कर पाएंगे। इसके जरूरी है कि नव वर्ष से पहले प्रदेश के सभी जिला इकाइयों का गठन किया जाए। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि जहां आगामी 18 दिसंबर को रेवाड़ी में रेजांगला शहीद समारोह का आयोजन किया जाएगा। अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर व रेजांगला शौर्य समिति का संयुक्त प्रतिनिधि मंडल नव वर्ष के जनवरी माह में रेजांगला शहीद स्मारक की जमीन की मांग के लिए मुख्यमंत्री से भी मिलेगा।



झज्जर। बैठक में उपस्थित अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर के पदाधिकारी एवं सदस्य।

#### बैठक में ये रहे मौजूद

इस दौरान प्रदेश कोषाध्यक्ष अमित यादव, प्रदेश सचिव सरोज यादव, युवा प्रदेश अध्यक्ष रवि यादव, महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष स्नेहलता ने भी संबोधित किया। बैठक में एडवोकेट जसवीर यादव को प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त भी किया गया। इस मौके पर स्थानीय यादव महासभा प्रधान रामअवतार यादव, पूर्व प्रधान वीरेंद्र दरोगा, रेवाड़ी के जिलाध्यक्ष सुरेंद्रपाल यादव, गुरुग्राम जिलाध्यक्ष नरेश यादव, फरीदाबाद से लक्ष्मण यादव, झज्जर से महेंद्र यादव, दादरी से राजेंद्र यादव, हिसार से राजेश यादव, भिवानी से विद्यानंद यादव, एडवोकेट नितिन यादव, जिला महामंत्री रणजीत यादव, जगमोहन यादव सहित अन्य भी उपस्थित रहे।